भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4030

जिसका उत्तर 17 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

कोयला खदान योजना

4030. श्री संजय सेठः

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरीः

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान झारखंड सहित कई राज्यों में कोयला खदान योजना में वास्तविक और वित्तीय लक्ष्यों की तुलना में पारंपरिक सुरक्षा और अवसंरचना विकास संतोषजनक नहीं रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य–वार और वर्ष–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने झारखंड में उक्त योजना की वास्तविक और वित्तीय उपलब्धियों में उल्लेखनीय वृद्धि हेतु कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त योजना के अंतर्गत केन्द्रीय स्तर पर वर्तमान निगरानी तंत्र में उल्लेखनीय सुधार और झारखंड में खनन क्षमता में वृद्धि हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) और (ख) : कोयला खान स्कीमों में वास्तविक एवं वित्तीय लक्ष्यों की तुलना में संरक्षण, सुरक्षा और अवसंरचना विकास की प्राप्ति संतोषजनक है। इन योजनाओं के तहत लक्ष्य राज्यवार निर्धारित नहीं किए जाते हैं। वास्तविक लक्ष्यों की प्राप्ति का ब्यौरा **अनुबंध-I** में तथा वित्तीय लक्ष्य की प्राप्ति का ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग) : केंद्रीय स्तर पर निगरानी तंत्र में सुधार करने की दृष्टि से निधियों के आबंटन पर सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) पोर्टल के माध्यम से निगरानी रखी जाती है।

*****

अनुबंध-I

संरक्षण एवं सुरक्षा योजना के वर्ष-वार वास्तविक लक्ष्य और प्राप्ति

वर्ष	रेत भराई		सुरक्षात्मक कार्य		वैज्ञानिक विकास कार्य (मैन-राईडिंग एवं टेलिमॉनीटरिंग)	
	रेत भराई के लिए उपयोग की गई रेत की मात्रा मिलियन घनमीटर		परियोजनाओं की सं.		परियोजनाओं की सं.	
	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति
2016-17	5.00	6.31	35	30	7	5
2017-18	5.80	3.43	10	9	3	2
2018-19	0*	0	24	12	9	8

परिवहन अवसंरचना विकास योजना के वर्षवार लक्ष्य और प्राप्ति

वर्ष	परियोजनाओं की सं.					
	रेल		सड़क		कुल	
	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति
2016-17	3	3	15	12	18	15
2017-18	4	4	7	5	11	9
2018-19	2	0	11	0	13	0**

* जीएसटी लागू होने की तिथि अर्थात् 01.07.2017 से रेत भराई उत्पाद कर का संग्रहण समाप्त हो जाने के कारण रेत भराई हेतु भुगतान को रोक दिया गया है।

** वर्ष में पूरे किए गए कार्य के लिए 2018-19 में कोई भुगतान नहीं किया गया है।

अनुबंध-II

पिछले तीन वर्षों के दौरान सीसीडीएसी (कोयला संरक्षण एवं विकास सलाहकार समिति) द्वारा अनुमोदित वास्तविक बजट और निर्गत निधि

वर्ष	बजट शीर्ष	करोड़ रु. में						
		ब.अ.	स.अ.	सीसीडीएसी द्वारा अनुमोदित वास्तविक	पिछले वर्ष से लाया गया	कुल आवश्यकता	कोयला मंत्रालय द्वारा दी गई निधि	अगले वर्ष ले जाया गया
2016-17	संरक्षण एवं सुरक्षा (जनजाति उप योजना सहित)	80.00	170.00	233.56	42.83	276.39	170.00	106.39
2017-18		200.00	200.00	127.13	106.38	233.51	200.00	33.51
2018-19		59.9	42.4	9.20	33.57	42.77	42.40	0.36

वर्ष	बजट शीर्ष	करोड़ रु. में						
		ब.अ.	स.अ.	सीसीडीएसी द्वारा अनुमोदित वास्तविक	पिछले वर्ष से लाया गया	कुल आवश्यकता	कोयला मंत्रालय द्वारा दी गई निधि	अगले वर्ष ले जाया गया
2016-17	कोलफील्ड्स में परिवहन अवसंरचना का विकास	70.00	180.00	277.56	209.04	486.60	180.00	306.60
2017-18		299.50	299.50	201.33	306.61	507.94	299.50	208.44
2018-19		140.00	140.00	0	208.50	208.50	140.00	68.50